52

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ०प्र०–14–129 / 2025 2786 / पटना, दिनांक– 27.2.26

संवेदक M/S Sai Enterprises, Prop-Ras Bihari Singh (निबंधन संख्या–1220284), Add:- Vill-Sewraha, P.O- Chandrahiya, P.S-Harsidhi, Dist-East Champaran, Bihar Pincode-845411 को कार्य प्रमंडल, शिवहर के अधीन **MR-3054** योजनान्तर्गत फतेहपुर से कौड़िया लालगढ़ पथ निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्या:– **MBD/3054-MR/04-2018-19** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 08.05.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 07.02.2019 था तथा वास्तविक कार्य पूर्णता की तिथि 20.06.2021।

संदर्भित पथ के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संबंधित संवेदक द्वारा पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तदालोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर के सकारण आदेश ज्ञापांक 1561 दिनांक 26.09.2024 द्वारा एकरारनामा संख्या:– **MBD/3054-MR/04-2018-19** को विखंडित करते हुए संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 3703 दिनांक 17.12.2024, पत्रांक 250 दिनांक 16.01.2025 एवं पत्रांक 627 दिनांक 13.02.2025 द्वारा संवेदक M/S Sai Enterprises, Prop-Ras Bihari Singh (निबंधन संख्या–1220284) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में नोडल पदाधिकारी, **MR-3054** द्वारा संवेदक द्वारा दिये गये कारण पृच्छा में पथ पर जल जमाव की स्थिति का उल्लेख किया गया है। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के साथ संलग्न फोटोग्राफ पर नाला का पानी पथ में जल–जमाव के रूप में दिखाया गया है जबकि संवेदक द्वारा सतत् अनुरक्षण किया जाना था।

इससे स्पष्ट होता है कि संदर्भित पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य को लंबित रखने के लिए संवेदक **M/S Sai Enterprises, Prop-Ras Bihari Singh** (निबंधन संख्या–1220284) पूर्णतया दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक M/S Sai Enterprises, Prop-Ras Bihari Singh (निबंधन संख्या–1220284), Add:- Vill-Sewraha, P.O-Chandrahiya, P.S-Harsidhi, Dist-East Champaran, Bihar Pincode-845411 के निबंधन संख्या:–1220284, PAN No. ACDF52938J को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

26.02.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

P.T.O

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–129 / 2025 2786 / पटना, दिनांक– 27.2.26

प्रतिलिपि– संवेदक M/S Sai Enterprises, Prop-Ras Bihari Singh (निबंधन संख्या–1220284), Add:- Vill-Sewraha, P.O- Chandrahiya, P.S-Harsidhi, Dist-East Champaran, Bihar Pincode-845411 को सूचनार्थ प्रेषित।

26.02.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–129 / 2025 2786 / पटना, दिनांक–27.2.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.02.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–129 / 2025 2786 / पटना, दिनांक–27.2.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

26.02.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–129 / 2025 2786 / पटना, दिनांक–27.2.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.02.26

अभियंता प्रमुख

Website

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–129 / 2025 2786 / पटना, दिनांक–27.2.26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

26.02.26

अभियंता प्रमुख